पाठ-3 → स्वामी विवेकानंद (Unit Test-1)

1 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) स्वामी विवेकानंद का जन्म कब और कहाँ हुआ?

⇒ स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को मकर संक्रांति के दिन कोलकाता के गौड़ मोहन मुखर्जी स्ट्रीट नामक स्थान में हुआ।

ख) छात्रों को दंड क्यों दिया गया?

⇒ कक्षा में बच्चे नरेन्द्र से कहानी सुनने में मग्न हो गए थे। अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर, नरेन्द्र को छोड़कर अन्य कोई छात्र नहीं दे पाए थे। इसी कारण छात्रों को दंड दिया गया।

ग) स्वामी विवेकानंद ने भारत का मान कैसे बढ़ाया?

⇒ स्वामी विवेकानंद जी ने अपने कार्यों और विचारों से भारत का मान बढ़ाया।

घ) शिकागो की सभा में तालियाँ क्यों गूँज उठीं?

⇒ जब विवेकानंद जी ने शिकागो की सभा में भारत की ओर से अपने भाषण में "मेरे अमरीकी भाइयों और बहनों!" कहकर लोगों को संबोधित किया, तो सभा में तालियाँ गूँज उठीं।

Date
Page

ङ) सफलता कब मिलती है?

⇒ कोई भी कार्य जब एकाग्रता, ध्यान, धैर्य और मेहनत से किया जाता है तब सफलता मिलती है।

च) स्वामी विवेकानंद जी का संदेश लिखिए।

⇒ स्वामी विवेकानंद जी का संदेश था-
"उठो, जागो और तब ~~क~~ तक न रुको जब तक मंज़िल (लक्ष्य) प्राप्त न हो जाए।"

II नीचे दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए। (C.W)

क) भिक्षुक = भ् + इ + क् + ष् + उ + क् + अ
ख) प्रतिभा = प् + र् + अ + त् + इ + भ् + आ
ग) श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ
घ) कुशाग्र = क् + उ + श् + आ + ग् + र् + अ

III नीचे लिखे शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए। (C.W)

क) विदेश × स्वदेश
ख) प्रश्न × उत्तर
ग) धर्म × अधर्म
घ) वक्ता × श्रोता
ङ) सफल × विफल / असफल
च) देशभक्त × देशद्रोही

IV लिंग बदलिए : (कक्षा कार्य)

क) गुरु - गुरुआइन	घ) लेखक - लेखिका
ख) सहपाठी - सहपाठिन	ङ) लड़का - लड़की
ग) अध्यापक - अध्यापिका	च) बालक - बालिका

V वाक्य बनाइए : (कक्षा कार्य)

क) श्रोता ख) भाषण ग) सहपाठी
घ) सच्चाई ङ) देशभक्त

VI रिक्त स्थान भरिए। (कक्षा-कार्य) (किताब में)

क) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था।
ख) नरेंद्र पर माता का विशेष प्रभाव पड़ा।
ग) उन्होंने शिकागो शहर में भाषण दिया।
घ) उनके भाषण की चर्चा पूरे अमेरिका में हुई।
ङ) विवेकानंद जी ने अपने कार्यों और विचारों से विश्व में भारत का नाम रोशन किया।

VII भाषा से....
समझो और लिखो - (किताब में) (कक्षा कार्य) (पृ-28)

आने + वाला = आनेवाला	न्याय + प्रिय = न्यायप्रिय
बोलने + वाला = बोलनेवाला	
बहु + मुखी = बहुमुखी	
बुद्धि + हीन = बुद्धिहीन	
देश + भक्त = देशभक्त	

viii पृष्ठ 29 प्रश्न 1 → सर्वनाम,
पुस्तक में करवाए जाएँगे। (गृह कार्य)

ix पृष्ठ 26 में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद करके
कॉपी में लिखिए। (गृह कार्य)

x अभ्यास पुस्तिका से -
पृष्ठ 13 में दिए गए अभ्यास, पुस्तक में
करवाए जाएँगे। (कक्षा कार्य)

—×—

19/2

(3.) सर्वनाम शब्द — Work Book → स्वामी विवेकानंद

नाम शब्द संज्ञा कहलाते हैं। जो शब्द नाम की जगह आते हैं वे सर्वनाम कहलाते हैं। इसीलिए कहते हैं— सबके नाम, सर्वनाम।

सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो—

निशा — रानी, विशाल कहाँ है?

....मैं.... ....उसे.... यह पुस्तक देना चाहती हूँ।

रानी — वह.... मित्रों के साथ क्रिकेट खेलने गया है।

निशा — गेंद तो यहाँ रखी है!

रानी — वह.... गेंद नहीं ले गया। उसके.... मित्रों के पास गेंद है।

निशा — चलो, उनके.... खेल देखने चलते हैं!

रानी — हाँ, चलो! हम.... बाज़ार से कुछ.... सामान भी खरीद लाएँगे।

निशा — जल्दी लौट आएँगे क्योंकि मुझे.... गृहकार्य करना है।

सर्वनाम शब्द हैं — मैं, मुझे, तुम, तुम्हें, हम, हमें, यह, वह, उसे, वे, उन्हें, आप, कौन, कुछ।

—×—